प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा उद्यमिता व नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन किया गया। एक्सपो का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो एन. बी. सिंह ने किया।

एक्सपो में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र- छात्राओं द्वारा अलग-अलग प्रकार के व्यंजन, बताशे, चिकनकारी, मेहंदी, हैंडीक्राफ्ट, चाय और इंडोर गेम्स के स्टाल लगाए गए जिसमें सबसे ज़्यादा विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विद्यार्थी शामिल रहे। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं की उद्यमी क्षमता का विकास करना रहा ।

10 रुपये में डीएसएलआर कैमरे द्वारा इंस्टेंट फोटो खींच कर वॉट्सऐप पर उपलब्ध कराने वाला छात्र इस एक्सपो का मुख्य आकर्षण रहा और सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उसके इस बिज़नस आइडिया को सराहा।एक्सपो में सबसे ज़्यादा चर्चित *बीटेक चायवाला* का स्टॉल रहा जिसने सर्वाधिक मुनाफ़ा भी कमाया।

एक्सपो में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा छोटे बड़े कुल 25 स्टाल लगाए गए जिसमें कुल बिक्री करीब 40000 रूपये की हुई।

एक्सपो में कार्यक्रम समन्यवक प्रो एहतेशाम अहमद, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. दोआ नकवी, डॉ. जैबुन निसा, डॉ. मनीष कुमार और प्रो संजीव त्रिवेदी (डॉयरेक्टर इंजीनियरिंग विभाग) मौजुद रहे।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय